C.D.S. Examination (II), 2024

जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें

टी. बी. सी. : RAKU-S-GKL

परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम

क्रम संख्या 1139085

# परीक्षण पुस्तिका

# सामान्य ज्ञान

# A

*समय : दो घण्टे* *पूर्णांक : 100*

## अनुदेश

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश, आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लें।
2. कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर, रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D को, ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है। किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा।
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर ***और कुछ न*** लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में 120 प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए ***केवल एक ही*** प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ***ही*** अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखें।
6. ***सभी*** प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर *केवल उत्तर-पत्रक* अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं।
10. **ग़लत उत्तरों के लिए दंड :**

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए ग़लत उत्तरों के लिए दंड दिया जाएगा।**

(i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक ग़लत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दंड के रूप में काटा जाएगा।

(ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **ग़लत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही, उसी तरह का दंड दिया जाएगा।

(iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दंड नहीं** दिया जाएगा।

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

***Note :*** English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.

1. निम्नलिखित में से कौन-सा, पादपों के लिए सूक्ष्म पोषक-तत्त्व ***नहीं*** है ?

(a) लौह

(b) मैंगनीज़

(c) मैग्नीशियम

(d) क्लोरीन

2. पादपों में दारु (ज़ाइलम) किसके परिवहन के लिए उत्तरदायी हैं ?

(a) जल

(b) जल और घुले हुए खनिज

(c) गैसें

(d) खाद्य

3. निम्नलिखित में से कौन-सा हॉर्मोन पादपों में वृद्धि गतिविधि का निरोध करता है ?

(a) ऑक्सिन

(b) साइटोकाइनिन

(c) एब्सीसिक ऐसिड

(d) जिबेरेलिन

4. मंड (स्टार्च) निम्नलिखित में से किस जैवाणु की श्रेणी से संबद्ध है ?

(a) प्रोटीन

(b) कार्बोहाइड्रेट

(c) लिपिड

(d) न्यूक्लीक अम्ल

5. निम्नलिखित में से कौन-सी, मरुद्भिदों (ज़िरोफाइट) की विशेषता ***नहीं*** है ?

(a) छोटी पत्तियाँ

(b) रंध्र (स्टोमेटा) की बड़ी संख्या

(c) मोमी उपत्वचा (क्यूटिकल)

(d) गर्त में रंध्र

6. लवणमृदोद्भिद् (हेलोफाइट) पादप हैं जो निम्नलिखित में से किस श्रेणी की मृदा पर उगते हैं ?

(a) अम्लीय मृदा

(b) लवण मृदा

(c) काली मृदा

(d) बलुई मृदा

7. निम्नलिखित में से कौन-सा, पादपों में संवहन पूल का भाग ***नहीं*** है ?

(a) पोषवाह (फ़्लोएम)

(b) दारु (ज़ाइलम)

(c) एधा (कैम्बियम)

(d) अंतश्चर्म (एंडोडर्मिस)

8. निम्नलिखित में से किस माध्यम में ध्वनि की चाल अधिकतम होगी ?

(a) आसुत जल

(b) समुद्री जल

(c) पेय जल

(d) मेथेनॉल

9. जंतु कोशिकाओं में कौन-सा अंगक बाहरी पदार्थों का पाचन कर सकता है ?

(a) अंतर्द्रव्यी जालिका (एंडोप्लाज़्मिक रेटिकुलम)

(b) लयनकाय (लाइसोसोम)

(c) गॉल्जी काय

(d) सूत्रकणिका (माइटोकॉन्ड्रिया)

10. प्रकाश-संश्लेषण जिसमें पादपों द्वारा प्रकाश ऊर्जा को रासायनिक ऊर्जा में परिवर्तित किया जाता है, इसमें पर्णहरित (क्लोरोफिल) नामक पत्तियों के हरित वर्णक का उपयोग शामिल होता है। पत्ती में क्लोरोफिल को धारण करने वाली एकमात्र संरचना कौन-सी है ?

(a) केंद्रक

(b) राइबोसोम

(c) हरितलवक (क्लोरोप्लास्ट)

(d) गुणसूत्र (क्रोमोसोम)

1. Which one among the following is *not* a micronutrient for plants ?

(a) Iron

(b) Manganese

(c) Magnesium

(d) Chlorine

2. Xylem in the plants are responsible for the transport of :

(a) Water

(b) Water and dissolved minerals

(c) Gases

(d) Food

3. Which one among the following hormones inhibits the growth activity in plants ?

(a) Auxins

(b) Cytokinins

(c) Abscisic acid

(d) Gibberellins

4. Which of the following category of biomolecules does Starch belong to ?

(a) Protein

(b) Carbohydrate

(c) Lipid

(d) Nucleic acid

5. Which one among the following is *not* a feature of Xerophytes ?

(a) Smaller leaves

(b) Large number of stomata

(c) Waxy cuticle

(d) Stomata in pits

6. Halophytes are the plants that grow on which one, among the following categories of soil ?

(a) Acidic soil

(b) Saline soil

(c) Black soil

(d) Sandy soil

7. Which one among the following is *not* a part of vascular bundle in plants ?

(a) Phloem

(b) Xylem

(c) Cambium

(d) Endodermis

8. In which one among the following mediums would the speed of sound be maximum ?

(a) Distilled water

(b) Sea water

(c) Drinking water

(d) Methanol

9. Which organelle in animal cells can digest foreign materials ?

(a) Endoplasmic reticulum

(b) Lysosome

(c) Golgi body

(d) Mitochondria

10. Photosynthesis that converts light energy into chemical energy by the plants, involves the use of green pigments of leaves called chlorophyll. The only structure in a leaf that hosts chlorophyll is :

(a) Nucleus

(b) Ribosome

(c) Chloroplast

(d) Chromosome

11. निम्नलिखित में से किस कोलॉइड में परिक्षेपण माध्यम एक द्रव है ?

(a) कुहासा (मिस्ट)

(b) फेन (फोम)

(c) जेली

(d) शेविंग क्रीम

12. तात्त्विक क्लोरीन के दो समस्थानिक कौन-से हैं ?

(a) ${}^{35}_{17}C$ और ${}^{36}_{17}C$

(b) ${}^{34}_{17}C$ और ${}^{36}_{18}C$

(c) ${}^{35}_{17}C$ और ${}^{37}_{18}C$

(d) ${}^{35}_{17}C$ और ${}^{37}_{17}C$

13. निम्नलिखित में से किस धातु का भंडारण तेल में ***नहीं*** किया जाता है ?

(a) सोडियम

(b) रूबिडियम

(c) पोटैशियम

(d) लीथियम

14. पोटैशियम नाइट्रेट का उपयोग ***नहीं*** किया जाता है :

(a) उर्वरक के रूप में

(b) औषधि में

(c) बारूद बनाने में

(d) मांस उत्पादों के परिरक्षक के रूप में

15. नए निर्माण की कंक्रीट संरचना की सतह को गीला करके पुआल/टाट की बोरियों से ढक दिया जाता है। ऐसा किस लिए किया जाता है ?

(a) तेजी से होने वाले वाष्पीकरण को रोकने के लिए, जब तक कि जलयोजन अच्छी तरह से न हो जाए

(b) कंक्रीट संरचना को धूल के कणों से संदूषित होने से बचाने के लिए

(c) सतह पर किसी भी कवक के पनपने को रोकने के लिए

(d) सीमेंट संरचना के ऊपर चिकना और साफ सतह बनाने के लिए

16. नीचे उल्लिखित गैसों के लिए निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही ***नहीं*** है ?

(a) हाइड्रोजन में 3 समस्थानिक होते हैं।

(b) हीलियम बिजली के बल्बों में सामान्यतः प्रयुक्त होने वाली गैस है।

(c) अंतरिक्षयानों में रॉकेट इंजनों में ईंधन के दहन के लिए ऑक्सीजन का उपयोग किया जाता है।

(d) खाद्य पैकेजिंग में वायु के स्थान पर नाइट्रोजन का गैसीय रूप में उपयोग किया जा सकता है।

17. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | *सूची-I (व्यापारिक नाम)* | | *सूची-II (रासायनिक नाम)* |
|---|---|---|---|
| A. | विरंजक चूर्ण | 1. | सोडियम बाइकार्बोनेट |
| B. | खाने का सोडा | 2. | सोडियम कार्बोनेट, 10 जल |
| C. | धोने का सोडा | 3. | कैल्सियम ऑक्सीक्लोराइड |
| D. | पेरिस प्लास्टर | 4. | कैल्सियम सल्फेट, $\frac{1}{2}$ जल |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

**11.** In which of the following colloids is the dispersing medium a liquid ?

(a) Mist

(b) Foam

(c) Jelly

(d) Shaving cream

**12.** The two isotopes of elemental chlorine are :

(a) ${}^{35}_{17}C$ and ${}^{36}_{17}C$

(b) ${}^{34}_{17}C$ and ${}^{36}_{18}C$

(c) ${}^{35}_{17}C$ and ${}^{37}_{18}C$

(d) ${}^{35}_{17}C$ and ${}^{37}_{17}C$

**13.** Which one among the following metals is ***not*** stored under oil ?

(a) Sodium

(b) Rubidium

(c) Potassium

(d) Lithium

**14.** Potassium nitrate is ***not*** used :

(a) as a fertilizer

(b) in medicine

(c) in making gunpowder

(d) as a preservative of meat products

**15.** The surface of the concrete structure of a new construction is covered with straw/gunny bags by wetting. This is done to :

(a) prevent fast evaporation, until hydration has proceeded well

(b) protect the concrete structure from contamination by dust particles

(c) prevent development of any fungus on the surface

(d) give smoother and cleaner surface over cement structure

**16.** Which one among the following statements for the gases mentioned below is ***not*** correct ?

(a) Hydrogen has 3 isotopes.

(b) Helium is a commonly used gas in electric bulbs.

(c) Oxygen is used to burn fuel in rocket engines in spacecraft.

(d) Nitrogen can be used in gaseous form to replace air in food packaging.

**17.** Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| | *List-I* *(Trade Name)* | | *List-II* *(Chemical Name)* |
|---|---|---|---|
| A. | Bleaching powder | 1. | Sodium bicarbonate |
| B. | Baking soda | 2. | Sodium carbonate, 10 water |
| C. | Washing soda | 3. | Calcium oxychloride |
| D. | Plaster of Paris | 4. | Calcium sulphate, $\frac{1}{2}$ water |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

18. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन काँच के लिए सत्य ***नहीं*** है ?

(a) सोडियम सिलिकेट को जल-विलेय काँच के रूप में जाना जाता है।

(b) काँच को अतिशीतित द्रव भी कहा जाता है।

(c) काँच के गलित द्रव्यमान (mass) के शीतलन पर क्रिस्टलता विकसित होती है।

(d) विभिन्न रंगीन सामग्रियों को मिलाकर रंगीन काँच बनाए जा सकते हैं।

19. किसी तत्त्व के रासायनिक गुणधर्म को निर्धारित करने के लिए निम्नलिखित में से कौन उत्तरदायी है ?

(a) प्रोटॉन

(b) इलेक्ट्रॉन

(c) न्यूट्रॉन

(d) नाभिक

20. निम्नलिखित में से किसका उपयोग कागज़ के विरंजन में किया जाता है ?

(a) क्लोराइड

(b) क्लोरोबेन्ज़ीन

(c) अमोनियम क्लोराइड

(d) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल

21. एक्स-रे का उपयोग किया जा सकता है :

1. किसी मशीन के दो धात्विक भागों के बीच वेल्डित जोड़ों का निरीक्षण करने के लिए।

2. क्रिस्टलों की संरचना का अध्ययन करने के लिए।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

22. निम्नलिखित ऊष्मा अंतरणों में से कौन-सा, संवहन का एक उदाहरण है ?

(a) माइक्रोवेव ओवन में भोजन को गर्म करना

(b) गैस स्टोव पर एक बर्तन में जल उबालना

(c) धूप में गर्मी महसूस होना

(d) किसी पीतल की छड़ के एक सिरे को गर्म करना और दूसरे सिरे पर तापमान में वृद्धि का अवलोकन करना

23. जल की सूक्ष्म बूँदों से इंद्रधनुष बनने की परिघटना में क्या शामिल है ?

(a) सूर्य के प्रकाश का एकल अपवर्तन

(b) सूर्य के प्रकाश का एक आंतरिक परावर्तन

(c) सूर्य के प्रकाश के दो आंतरिक परावर्तन

(d) सूर्य के प्रकाश का अपवर्तन और आंतरिक परावर्तन दोनों

24. ओज़ोन छिद्र एक क्षेत्र है जो :

(a) अंटार्कटिक के ऊपर स्थित है, जो कि मुख्य रूप से CFC गैसों के कारण होता है।

(b) अंटार्कटिक के ऊपर स्थित है, जो कि मुख्य रूप से कार्बन डाइऑक्साइड गैस के कारण होता है।

(c) आर्कटिक के ऊपर स्थित है, जो कि मुख्य रूप से CFC गैसों के कारण होता है।

(d) आर्कटिक के ऊपर स्थित है, जो कि मुख्य रूप से कार्बन डाइऑक्साइड गैस के कारण होता है।

18. Which one among the following statements is ***not*** true for glass ?

(a) Sodium silicate is known as water glass.

(b) Glass is also called super cooled liquid.

(c) Crystallinity develops on cooling of the molten mass of the glass.

(d) Coloured glasses can be made by adding different colouring materials.

19. Which one among the following is responsible for determining the chemical properties of an element ?

(a) Protons

(b) Electrons

(c) Neutrons

(d) Nucleus

20. Which one among the following is used in bleaching of paper ?

(a) Chloride

(b) Chlorobenzene

(c) Ammonium chloride

(d) Hydrochloric acid

21. X-rays can be used to :

1. inspect welded joints between two metal parts of a machine.
2. study structure of crystals.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

22. Which one of the following heat transfers is an example of convection ?

(a) Heating of food in a microwave oven

(b) Boiling water in a pot on a gas stove

(c) Feeling the warmth in sun

(d) Heating a brass rod at one end and observing the temperature rise at the other end

23. The phenomenon of rainbow formation by water droplets involves :

(a) single refraction of sunlight

(b) one internal reflection of sunlight

(c) two internal reflections of sunlight

(d) both refraction and internal reflection of sunlight

24. Ozone hole is a region over :

(a) the Antarctic caused mainly by CFC gases.

(b) the Antarctic caused mainly by carbon dioxide gas.

(c) the Arctic caused mainly by CFC gases.

(d) the Arctic caused mainly by carbon dioxide gas.

**25.** निम्नलिखित में से कौन-से, वर्ष 2023 में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के प्रमुख मिशन हैं ?

1. चंद्रयान-3
2. सौर मिशन आदित्य-L1
3. तरल ईंधन चालित रॉकेट
4. सौर ऊर्जा चालित रॉकेट

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) 1, 2 और 3
(c) केवल 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**26.** वायुयानों को चालक टायरों (conducting tyres) से सज्जित करने का सबसे उपयुक्त कारण निम्नलिखित में से कौन-सा है ?

(a) वे बिजली गिरने के दौरान अपनी सतहों पर संचित आवेश को अंतरित कर सकते हैं
(b) वे वायु कणों द्वारा घर्षण के कारण अपनी सतहों पर संचित आवेश को अंतरित कर सकते हैं
(c) वे उड़ान के दौरान कई गैजेटों के प्रचालन के कारण अपनी सतहों पर संचित आवेश को अंतरित कर सकते हैं
(d) ज़मीन पर अवतरण के समय स्फुलिंग को रोकने के लिए

**27.** जरादूरदृष्टि (presbyopia) से पीड़ित व्यक्तियों के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. वे रंगों में अंतर नहीं कर पाते ।
2. जरादूरदृष्टि सामान्यत: उम्र बढ़ने के साथ उत्पन्न होती है ।
3. वे या तो द्विफोकसी लेंस पहनते हैं जिसमें अवतल और उत्तल दोनों लेंस होते हैं या प्रोग्रेसिव लेंस होते हैं ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 3
(d) 2 और 3

**28.** 300 Hz की आवृत्ति वाली एक ध्वनि तरंग एक अज्ञात माध्यम में गमन कर रही है । इसकी तरंगदैर्ध्य ज्ञात नहीं है । यह $t$ समय में अपनी तरंगदैर्ध्य के 150 गुना के बराबर दूरी तय करती है । $t$ का मान क्या है ?

(a) 0·5 s
(b) 1 s
(c) 1·5 s
(d) 2 s

**29.** भारत का *मिशन शक्ति* (DRDO) निम्नलिखित में से किससे संबंधित है ?

(a) एकल रॉकेट का उपयोग करके बहुल उपग्रहों का प्रक्षेपण
(b) भारी उपग्रहों का प्रक्षेपण
(c) उपग्रहों के प्रक्षेपण में उच्च शक्ति रॉकेटों का उपयोग
(d) किसी परिक्रमा करने वाले उपग्रह को ध्वंस करने के लिए रॉकेट का उपयोग

**30.** सूर्य-पृथ्वी प्रणाली में, सूर्य, पृथ्वी और लैग्रेंज बिंदु L4 बनाते हैं :

(a) एक समद्विबाहु त्रिभुज
(b) एक समबाहु त्रिभुज
(c) एक सरल रेखा
(d) एक विषमबाहु त्रिभुज

**25.** Which of the following are the major missions of Indian Space Research Organization in 2023 ?

1. Chandrayaan-3
2. Solar Mission Aditya-L1
3. Liquid fuel powered rockets
4. Solar powered rockets

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 1, 2 and 3

(c) 3 and 4 only

(d) 1, 2, 3 and 4

**26.** Which one of the following is the most appropriate reason for aircraft being equipped with conducting tyres ?

(a) They can transfer the charge accumulated on their surfaces during lightning

(b) They can transfer the charge accumulated on their surfaces being rubbed by air particles

(c) They can transfer the charge accumulated on their surfaces due to inflight operation of several gadgets

(d) For preventing sparks while they land on the ground

**27.** Which of the following statements for persons suffering from presbyopia is/are correct ?

1. They cannot distinguish colours.
2. It usually develops with ageing.
3. They wear either bi-focal lenses consisting of both concave and convex lenses or progressive lenses.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) 1 and 3

(d) 2 and 3

**28.** A sound wave having frequency of 300 Hz is travelling in an unknown medium. Its wavelength is not known. It travels a distance equal to 150 times its wavelength in time $t$. The value of $t$ is :

(a) 0·5 s

(b) 1 s

(c) 1·5 s

(d) 2 s

**29.** *Mission Shakti* (DRDO) of India is related to which one among the following ?

(a) Launch of multiple satellites using a single rocket

(b) Launch of heavy satellites

(c) Use of high power rockets in launching of satellites

(d) Use of rocket to destroy an orbiting satellite

**30.** In Sun-Earth system, the Sun, the Earth and the Lagrange point L4 form :

(a) an isosceles triangle

(b) an equilateral triangle

(c) a straight line

(d) a scalene triangle

31. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची-I (प्रशिक्षण संस्थान) | | सूची-II (स्थान) |
|---|---|---|---|
| A. | राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नार्कोटिक्स अकादमी | 1. | मसूरी |
| B. | लाल बहादुर शास्त्री (LBS) राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी | 2. | शिमला |
| C. | राष्ट्रीय लेखापरीक्षा तथा लेखा अकादमी | 3. | मुम्बई |
| D. | ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट | 4. | पालासमुद्रम |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

32. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारतीय झंडा संहिता ने 'झंडा संहिता-भारत' का अधिक्रमण किया (स्थान ले लिया)।
2. भारत का राज्य संप्रतीक अशोक के सारनाथ स्थित सिंह-स्तंभ-शीर्ष से अंगीकार किया गया है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

33. निम्नलिखित में से कौन-सा, सतत पर्यावास पर राष्ट्रीय मिशन के विषयगत क्षेत्रों में शामिल ***नहीं*** है ?

(a) ऊर्जा और हरित भवन

(b) गतिशीलता और वायु गुणवत्ता

(c) अपशिष्ट प्रबंधन

(d) ग्रामीण योजना, हरित आवरण और जैव-विविधता

34. निम्नलिखित में से कौन-से, भारतीय विधि तंत्र के घटक हैं ?

1. संविधान में प्रतिष्ठापित बुनियादी मूल्य और सिद्धांत
2. साधारण कानून द्वारा प्रदत्त अधिकार और दायित्व
3. सांविधानिक मानदंडों के अंतर्गत अधिकारों और दायित्वों को प्रवर्तित करने के लिए संगठनात्मक व्यवस्था
4. विधिक और न्यायिक व्यक्ति

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2, 3 और 4

(b) केवल 1, 2 और 4

(c) केवल 1, 2 और 3

(d) केवल 3 और 4

35. जीवंत ग्राम कार्यक्रम (वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम) के उद्देश्यों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है।

(b) इस कार्यक्रम का प्रारंभ 2021 में किया गया था।

(c) अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और मणिपुर इस योजना के अधीन चुने गए राज्य हैं।

(d) नेपाल की सीमा से लगे उत्तर प्रदेश के ग्रामों को इस योजना के अधीन प्रमुख (फ्लैगशिप) ग्रामों के रूप में चुना गया है।

31. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| List-I (Training Institute) | | List-II (Location) |
|---|---|---|
| A. | National Academy of Customs, Indirect Taxes and Narcotics | 1. Mussoorie |
| B. | LBS National Academy of Administration | 2. Shimla |
| C. | National Academy of Audit and Accounts | 3. Mumbai |
| D. | All India Institute of Local Self Government | 4. Palasamudram |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

32. Consider the following statements :

1. The Flag Code of India superseded the 'Flag Code-India'.
2. The state emblem of India is an adaptation of the Lion Capital of Ashoka at Sarnath.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

33. Which one of the following is ***not*** among the thematic areas of National Mission on Sustainable Habitat ?

(a) Energy and Green Building
(b) Mobility and Air Quality
(c) Waste Management
(d) Rural Planning, Green cover and Biodiversity

34. Which of the following are the components of the Indian Legal System ?

1. Basic values and principles enshrined in the Constitution
2. Rights and obligations conferred by ordinary statutes
3. Organizational set-up to enforce rights and obligations within the constitutional norms
4. Legal and judicial persons

Select the answer using the code given below :

(a) 1, 2, 3 and 4
(b) 1, 2 and 4 only
(c) 1, 2 and 3 only
(d) 3 and 4 only

35. Which one among the following statements about the objectives of Vibrant Village Programme is correct ?

(a) It is a Centrally sponsored scheme.
(b) This programme was launched in 2021.
(c) Arunachal Pradesh, Sikkim and Manipur are the states selected under this scheme.
(d) Villages of Uttar Pradesh along the Nepal border are selected as flagship villages under this scheme.

36. निम्नलिखित में से किस संयुक्त राष्ट्र (UN) संगठन को नोबेल पुरस्कार से सम्मानित ***नहीं*** किया गया है ?

(a) WFP

(b) ILO

(c) UNESCO

(d) UNHCR

37. निम्नलिखित में से किस क्षेत्र को नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 के कार्यक्षेत्र से छूट दी गई है ?

(a) लद्दाख

(b) जम्मू और कश्मीर

(c) छठी अनुसूची के क्षेत्र

(d) पाँचवीं अनुसूची के क्षेत्र

38. निम्नलिखित में से किसने कहा था कि ' न्यायपूर्ण समाज वह समाज है, जिसमें परस्पर सम्मान की बढ़ती हुई भावना और अपमान की घटती हुई भावना मिलकर एक करुणा से भरे समाज का निर्माण करे ' ?

(a) विनोबा भावे

(b) भीमराव रामजी अम्बेडकर

(c) राममनोहर लोहिया

(d) जयप्रकाश नारायण

39. निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. दंड विधि विशेष रूप से भारत के संविधान की राज्य सूची के अधीन एक विषय है।

2. सिविल प्रक्रिया संहिता भारत के संविधान की समवर्ती सूची के अधीन शामिल है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

40. भारत और पाकिस्तान के बीच के निम्नलिखित समझौतों को कालानुक्रम के अनुसार व्यवस्थित कीजिए :

1. ताशकंद घोषणा

2. सिंधु जल संधि

3. एक-दूसरे के परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं पर हमला नहीं करने पर समझौता

4. परमाणु हथियारों से संबंधित दुर्घटनाओं की जोखिम कम करने पर समझौता

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2, 3, 4

(b) 2, 3, 1, 4

(c) 2, 1, 3, 4

(d) 1, 4, 2, 3

41. शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. SCO की आधिकारिक भाषाएँ रूसी और चीनी हैं।

2. SCO को संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रेक्षक का दर्जा प्राप्त है।

3. SCO में 13 सदस्य देश शामिल हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) 1 और 3

(c) 1 और 2

(d) 2 और 3

42. वित्तीय कार्रवाई कार्य-बल क्या है ?

(a) केंद्रीय आर्थिक आसूचना ब्यूरो के अधीन एक विंग

(b) प्रवर्तन निदेशालय का एक प्रभाग

(c) वैश्विक धन शोधन और आतंकवाद के वित्त-पोषण का हितप्रहरी

(d) संयुक्त राष्ट्र भ्रष्टाचार-निरोधक एजेंसी

**36.** Which one of the following UN organizations has ***not*** been awarded the Nobel Prize ?

(a) WFP

(b) ILO

(c) UNESCO

(d) UNHCR

**37.** Which of the following areas has been exempted from the purview of the Citizenship (Amendment) Act, 2019 ?

(a) Ladakh

(b) Jammu and Kashmir

(c) The Sixth Schedule Areas

(d) The Fifth Schedule Areas

**38.** Who among the following stated that 'A just society is that society in which ascending sense of reverence and descending sense of contempt is dissolved into the creation of a compassionate society' ?

(a) Vinoba Bhave

(b) Bhimrao Ramji Ambedkar

(c) Rammanohar Lohia

(d) Jayaprakash Narayan

**39.** Which of the following statements is/are correct ?

1. Criminal law is exclusively a subject under the State List of the Constitution of India.
2. Code of Civil Procedure falls under the Concurrent List of the Constitution of India.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**40.** Arrange the following agreements between India and Pakistan in chronological order :

1. Tashkent Declaration
2. Indus Water Treaty
3. Agreement on the Prohibition of Attack Against Each Other's Nuclear Installations and Facilities
4. Agreement on Reducing the Risk from Accidents Relating to Nuclear Weapons

Select the answer using the code given below :

(a) 1, 2, 3, 4

(b) 2, 3, 1, 4

(c) 2, 1, 3, 4

(d) 1, 4, 2, 3

**41.** Which of the following statements with regard to the Shanghai Cooperation Organization (SCO) is/are correct ?

1. The official languages of the SCO are Russian and Chinese.
2. The SCO enjoys observer status in the UN General Assembly.
3. The SCO consists of 13 member states.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 1 and 3

(c) 1 and 2

(d) 2 and 3

**42.** Financial Action Task Force is :

(a) A wing under the Central Economic Intelligence Bureau

(b) A division of Enforcement Directorate

(c) A global money laundering and terrorist financing watchdog

(d) A UN Anti-Corruption Agency

43. निम्नलिखित में से किस मामले में संयुक्त राष्ट्र महासभा के समक्ष रखे गए प्रस्ताव पर उपस्थित सदस्यों के दो-तिहाई बहुमत और मतदान की आवश्यकता होती है ?

1. संयुक्त राष्ट्र में नए सदस्यों का प्रवेश
2. सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्यों का निर्वाचन
3. आर्थिक एवं सामाजिक परिषद के सदस्यों का निर्वाचन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

44. भारत सरकार द्वारा 'भारत पर्व' का आयोजन निम्नलिखित में से किन कार्यक्रमों के दौरान किया गया था ?

1. गणतंत्र दिवस 2024
2. राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2024
3. कान फिल्म महोत्सव 2024

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

45. निम्नलिखित में से किस संगठन ने भारतीय दंड संहिता की धारा 377 की सांविधानिकता को भारत के उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है ?

(a) नाज़ फाउंडेशन (इंडिया) ट्रस्ट
(b) बचपन बचाओ आंदोलन
(c) संभव फाउंडेशन इंडिया
(d) एक्शनएड इंडिया

46. भारत के संविधान के अनुच्छेद 371छ के अनुसार, मिज़ोरम राज्य के संबंध में विशेष उपबंध किए गए हैं। तदनुसार, संसद का कोई अधिनियम मिज़ोरम राज्य पर तब तक लागू नहीं होगा जब तक मिज़ोरम राज्य की विधान सभा संकल्प द्वारा ऐसा विनिश्चय नहीं करती है। निम्नलिखित में से कौन-सा विषय इस अनुच्छेद के अधीन शामिल ***नहीं*** है ?

(a) मिज़ो लोगों की धार्मिक या सामाजिक प्रथाएँ
(b) मिज़ो रूढ़िजन्य विधि और प्रक्रिया
(c) सिविल और दांडिक न्याय प्रशासन, जहाँ विनिश्चय मिज़ो रूढ़िजन्य विधि के अनुसार होने हैं
(d) प्राकृतिक संसाधनों का स्वामित्व और अंतरण

47. सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. यह अधिनियम उपबंध करता है कि इलेक्ट्रॉनिक चिह्नक (सिग्नेचर) हस्तलिखित हस्ताक्षर की तरह ही विधिमान्य है।
2. केंद्र सरकार और राज्य सरकार दोनों को इलेक्ट्रॉनिक चिह्नक (सिग्नेचर) के संबंध में नियम बनाने की शक्ति प्रदान की गई है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

43. In which of the following matters placed before the UN General Assembly, a resolution by two-thirds majority of the members present and voting is required ?

1. Admission of new members to the UN
2. Election of the non-permanent members of the Security Council
3. Election of members of the Economic and Social Council

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

44. 'Bharat Parv' was organized by the Government of India during which of the following programmes ?

1. Republic Day 2024
2. National Film Festival 2024
3. Cannes Film Festival 2024

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

45. Which one of the following organizations challenged the constitutionality of Section 377 of the Indian Penal Code in the Supreme Court of India ?

(a) Naz Foundation (India) Trust
(b) Bachpan Bachao Andolan
(c) Sambhav Foundation India
(d) ActionAid India

46. As per Article 371G of the Constitution of India, special provisions have been made with respect to the state of Mizoram. Accordingly, no Act of Parliament shall apply on certain matters unless the Legislative Assembly of Mizoram so decides by a resolution. Which one of the following matters is ***not*** covered under this Article ?

(a) Religious or social practices of the Mizos
(b) Mizo customary law and procedure
(c) Administration of civil and criminal justice involving decisions according to Mizo customary law
(d) Ownership and transfer of natural resources

47. Which of the following statements, as per the Information Technology Act, 2000, is/are correct ?

1. This Act provides that electronic signature is legally valid in the same manner as the handwritten signature.
2. Both the Central Government and State Governments have been given the power to make rules with respect to electronic signature.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

**48.** राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) यह सामान्य योग्यता परीक्षा (CET) आयोजित करने वाली एक निकाय है जो सरकार के 'समूह ख' और 'समूह ग' के अंतर्गत रिक्तियों के लिए अभ्यर्थियों की चयन-सूची बनाती है।

(b) सभी जिलों, विशेष रूप से 117 आकांक्षी जिलों में निजी क्षेत्र में रोज़गार को बढ़ावा दिया गया है।

(c) इसकी स्थापना 2014 में की गई थी।

(d) इसे 2021 में सांविधानिक दर्जा दिया गया है।

**49.** अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन निम्नलिखित में से किस संगठन का अनुसंधान एवं विकास (R&D) विंग है ?

(a) भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र

(b) भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन

(c) भारतीय रेल

(d) रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन

**50.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | *सूची-I (लोक सभा अध्यक्ष)* | | *सूची-II (पदावधि)* |
|---|---|---|---|
| A. | मनोहर गजानन जोशी | 1. | 14वीं लोक सभा |
| B. | सोमनाथ चटर्जी | 2. | 13वीं लोक सभा |
| C. | मीरा कुमार | 3. | 16वीं लोक सभा |
| D. | सुमित्रा महाजन | 4. | 15वीं लोक सभा |

**कूट :**

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

**51.** वेदांत दर्शन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. शंकर अद्वैत वेदांत के संस्थापक थे।
2. माधव द्वारा द्वैत दर्शन को विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किया गया।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**52.** लोगों के मध्य व्यापक पैमाने पर *चरखों* का वितरण करने का निर्णय किसके द्वारा लिया गया था ?

(a) 1919 में काँग्रेस कार्य समिति द्वारा

(b) 1921 में अखिल भारतीय काँग्रेस समिति द्वारा

(c) दांडी मार्च के प्रारंभ में महात्मा गाँधी द्वारा

(d) 1947 में अखिल भारतीय काँग्रेस समिति द्वारा

**53.** ऋग्वेद में अनाज (cereals) के लिए किन शब्दों का प्रयोग किया गया है ?

(a) *गोधूम* और *व्रीहि*

(b) *यव* और *धान्य*

(c) *तिल* और *खल*

(d) *प्रियंगु* और *श्यामाक*

48. Which of the following statements about National Recruitment Agency is correct ?

(a) It is a body to conduct Common Eligibility Test (CET) to shortlist the candidates for vacancies under 'Group B' and 'Group C' of the Government.

(b) Employment in private sector is facilitated in all the districts, particularly 117 aspirational districts.

(c) It was set up in 2014.

(d) It has been accorded Constitutional status in 2021.

49. The Research Design and Standards Organization is the R&D wing of which one of the following organizations ?

(a) Bhabha Atomic Research Centre

(b) Indian Space Research Organization

(c) Indian Railways

(d) Defence Research and Development Organization

50. Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| | *List-I (Speaker of Lok Sabha)* | | *List-II (Tenure)* |
|---|---|---|---|
| A. | Manohar Gajanan Joshi | 1. | $14^{th}$ Lok Sabha |
| B. | Somnath Chatterjee | 2. | $13^{th}$ Lok Sabha |
| C. | Meira Kumar | 3. | $16^{th}$ Lok Sabha |
| D. | Sumitra Mahajan | 4. | $15^{th}$ Lok Sabha |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

51. Consider the following statements about the Vedanta philosophy :

1. Shankara was the founder of Advaita Vedanta.

2. The philosophy of Dvaita was elaborated by Madhva.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

52. The distribution of *charkhas* on a wide scale among the people was decided by :

(a) Congress Working Committee in 1919

(b) All India Congress Committee in 1921

(c) Mahatma Gandhi at the start of Dandi March

(d) All India Congress Committee in 1947

53. The terms used for cereals in the Rig Veda are :

(a) *Godhuma* and *Vrihi*

(b) *Yava* and *Dhanya*

(c) *Tila* and *Khala*

(d) *Priyangu* and *Shyamaka*

54. 18वीं शताब्दी के भारत में विधवाओं की स्थिति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. आमेर (Amber) के राजा सवाई जय सिंह ने विधवा पुनर्विवाह को प्रोत्साहित किया।
2. मराठा सेनानायक (जनरल) परशुराम भाऊ ने विधवा पुनर्विवाह को प्रोत्साहित किया।
3. राजा राम मोहन रॉय ने सती प्रथा का विरोध किया।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

55. शिवाजी के प्रशासनिक उपायों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. शिवाजी के राज्याभिषेक के समय *अष्ट प्रधान* (आठ मंत्रियों) की योजना को पूरा कर लिया गया था और समुचित रूप से परिभाषित विधि और कर्तव्यों सहित इसे घोषित किया गया था।
2. शिवाजी ने प्रशासनिक प्रयोजनों के लिए फारसी के स्थान पर मराठी को लागू किया और संस्कृत के पारिभाषिक शब्द गढ़े।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

56. भारत में मध्यपाषाण कला के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. अलेक्जेंडर बर्न्स ने उत्तर प्रदेश के सोहागीघाट में भारत के प्रथम शैल चित्रों की खोज की थी।
2. भीमबेटका शैल चित्रों की खोज उस समय हुई जब पुरातत्त्ववेत्ता वी.एस. वाकणकर ने भोपाल से इटारसी की यात्रा करते हुए रेलगाड़ी की खिड़की से शैल देखे और उस स्थल का अन्वेषण करने के लिए निकटतम रेलवे स्टेशन पर उतर गए।
3. उड़ीसा की शैल कला में चित्र और उत्कीर्णन एक ही शैलाश्रय में विद्यमान नहीं हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 2 और 3

(d) 1 और 2

57. स्तूपों के अलंकरण में, *'किंजल्किनी'* शब्द क्या संदर्भित करता है ?

(a) आभूषण और वस्त्र प्रदर्शित करती हुई लताएँ

(b) दुपट्टा (स्कार्फ) और साड़ियाँ

(c) आम के आकार के पेंडेंट

(d) सहस्त्र कमल पुष्पों की माला

54. Consider the following statements about the condition of widows in the 18th century India :

1. Raja Sawai Jai Singh of Amber promoted widow remarriage.
2. Maratha General Parshuram Bhau promoted widow remarriage.
3. Raja Ram Mohan Roy opposed Sati.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2 only
(b) 1 and 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

55. Consider the following statements about the administrative measures of Shivaji :

1. The scheme of *Ashta Pradhan* (eight ministers) was completed and announced at the time of Shivaji's coronation with regulations and duties properly defined.
2. Shivaji introduced Marathi in place of Persian and coined Sanskrit technical terms for administrative purposes.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

56. With reference to the Mesolithic art in India, consider the following statements :

1. Alexander Burns discovered the first rock paintings in India at Sohagighat in Uttar Pradesh.
2. Bhimbetka rock paintings were discovered when archaeologist V.S. Wakankar noticed the rocks out of a train window while travelling from Bhopal to Itarsi and got off at the nearest railway station to explore the site.
3. The paintings and engravings do not exist in the same shelter in the rock art of Orissa.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) 2 and 3
(d) 1 and 2

57. In the decoration of Stupas, what does the term '*Kinjalkini*' refer to ?

(a) Creepers showing ornaments and textiles
(b) Scarves and saris
(c) Mango shaped pendants
(d) A garland of thousand lotus flowers

**58.** निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से, सारनाथ स्थित "सिंह-शीर्ष" के सही घटक हैं ?

1. शैफ़्ट (स्तंभ-यष्टि) या लंबा शुंडाकार स्तंभ
2. दीर्घवृत्ताकार शीर्ष भाग – शीर्षफलक (अबेकस) जो किसी भी प्रकार के उत्कीर्णन से रहित है
3. शीर्षफलक (अबेकस) के नीचे फैली हुई उल्टी पंखुड़ियाँ

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**59.** भारत की स्वतंत्रता की दिशा में अग्रसर निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए :

1. लखनऊ समझौता
2. सुभाष चंद्र बोस का भारत वापस आना
3. क्रिप्स मिशन
4. बॉम्बे में नौसैनिक विद्रोह

नीचे दिए गए कूट में से, इन घटनाओं के कालानुक्रम (सबसे पहले से नवीनतम तक) को चुनिए :

(a) 4, 3, 2, 1
(b) 3, 4, 2, 1
(c) 1, 2, 3, 4
(d) 2, 1, 3, 4

**60.** निम्नलिखित में से कौन, मध्यकाल में अपने धातु-ढलाई कौशलों के लिए प्रसिद्ध थे और उत्कृष्ट तोड़ेदार बंदूकों की ढलाई करते थे ?

(a) मराठा
(b) राजपूत
(c) अहोम
(d) गोंड

**61.** भारत में प्राचीन हिंदू धातु-प्रतिमाओं के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. चोल काल अपनी धातु मूर्तिकला के सौंदर्य और तकनीकी कौशल के लिए सुप्रसिद्ध है।
2. चोल धातु-प्रतिमाओं की प्रतिमाविद्या और शैली, शैल-प्रतिमाओं की प्रतिमाविद्या और शैली के समान थी।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**62.** डॉ. बी.आर. अम्बेडकर द्वारा 4 नवंबर, 1948 को प्रस्तुत किए गए प्रारूप संविधान में राज्यों के लिए निम्नलिखित में से किस पद (term) का प्रयोग किया गया था ?

(a) राज्यों का संघ (Union of States)
(b) राज्यों का परिसंघ (Federation of States)
(c) स्वशासी राज्य (Autonomous States)
(d) सहायक राज्य (Subsidiary States)

**63.** *अंतरीय* एक परिधान है जिसे मौर्य काल में लोगों द्वारा पहना जाता था। यह :

(a) शरीर पर ओढ़ा जाने वाला बिना सिला हुआ कपड़ा था।
(b) एक सिला हुआ परिधान जिसमें आस्तीन वाला अँगरखा (tunic) होता था।
(c) विशेष रूप से महिलाओं द्वारा प्रयुक्त सिर आवरण था।
(d) कपड़े की पट्टियों को एक साथ सिलकर बनाया गया तथा कमर पर डोरी से बाँधा जाने वाला वस्त्र था।

58. Which of the following is/are the correct components of the "Lion Capital" at Sarnath ?

1. The shaft (stambha-yashti) or the tall tapering column
2. An elliptical top part – the abacus, devoid of any carvings
3. Overflowing inverted petals below the abacus

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 1 and 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

59. Consider the following events leading to the Indian Independence :

1. Lucknow Pact
2. Return of Subhash Chandra Bose to India
3. Cripps Mission
4. Naval Mutiny in Bombay

Select the chronological sequence of these events (earliest to latest) from the code given below :

(a) 4, 3, 2, 1
(b) 3, 4, 2, 1
(c) 1, 2, 3, 4
(d) 2, 1, 3, 4

60. Who among the following were famous for their metal-casting skills and used to cast excellent matchlocks during the medieval period ?

(a) Marathas
(b) Rajputs
(c) Ahoms
(d) Gonds

61. Consider the following statements about the Ancient Hindu metal images in India :

1. The Chola period is well known for the aesthetic and technical finesse of its metal sculpture.
2. The iconography and style of Chola metal images were similar to those of their stone counterparts.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

62. Which one of the following terms was used for the States in the Draft Constitution presented by Dr. B.R. Ambedkar on 4$^{th}$ November, 1948 ?

(a) Union of States
(b) Federation of States
(c) Autonomous States
(d) Subsidiary States

63. The *antariya* was a garment worn by people during the Mauryan period. It was :

(a) an unstitched length of cloth draped around the body.
(b) a sewn garment consisting of a sleeved tunic.
(c) a head covering used exclusively by women.
(d) made of strips sewn together tied at the waist with a cord.

64. कश्मीर के उत्पल राजवंश के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. संस्थापक अवंतिवर्मन ने अपनी ऊर्जा को अपनी प्रजाओं के आर्थिक उत्थान के लिए लगाया।
2. कश्मीर में अवंतिवर्मन का शासनकाल, उनके मंत्री सुय्या के अधीन किए गए इंजीनियरी कार्यों के लिए प्रसिद्ध है, जिसके परिणामस्वरूप खाद्यान्न के उत्पादन में अत्यधिक वृद्धि हुई और कीमतें कम हुईं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

65. मौर्य प्रशासन के उच्च पदों और संबंधित विभागों के निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

1. *समाहर्तृ* : मुख्य राजस्व संग्रहकर्ता
2. *दौवारिक* : सेना प्रमुख
3. *अक्षपटल* : अभिलेख-सह-लेखापरीक्षा अधिकारी
4. *संनिधात्री* : कोषाध्यक्ष

उपर्युक्त में से कौन-से युग्म सही सुमेलित हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

66. गवर्नर जनरल लॉर्ड डलहौज़ी द्वारा किस साम्राज्य का वर्णन इस रूप में किया गया है कि *"एक चेरी जो एक दिन हमारे ही मुँह में आकर गिरेगा (A cherry that will drop into our mouth one day)"* ?

(a) दिल्ली
(b) अवध
(c) झाँसी
(d) ग्वालियर

67. भारत में जनगणना के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. 1872 में पहली अखिल भारतीय जनगणना करने का प्रयास किया गया था।
2. 1881 से, दशवार्षिक जनगणना नियमित रूप से की जा रही हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

68. निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. 1931 में लंदन में आयोजित दूसरे गोलमेज़ सम्मेलन के दौरान, ब्रिटिश सरकार ने स्वतंत्रता के लिए मूलभूत राष्ट्रवादी माँग को स्वीकार करने से मना कर दिया।
2. 1932 में भारत को डोमिनियन दर्जा (स्टेटस) प्रदान किया गया था।
3. वायसराय लॉर्ड विलिंग्डन ने काँग्रेस के साथ सुलह की नीति को अंगीकार किया।
4. सविनय अवज्ञा आंदोलन की शुरुआत नमक कानून को तोड़ने से हुई थी।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 2 और 3
(b) केवल 4
(c) केवल 1 और 4
(d) 1, 2 और 4

**64.** Consider the following statements with reference to the Utpala dynasty of Kashmir :

1. Avantivarman, the founder, devoted his energies to the economic upliftment of his subjects.
